समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !
नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# 'भारत-अमेरिका संबंध मेरे लिए बहुत व्यक्तिगत है', बोलीं अमेरिका के उपराष्ट्रपति की पत्नी उषा वेंस।

Publisher

Published on 03 Jun 2025



## USISPF सम्मेलन मे भारत और भारतीयों को लेकर जताया भावनात्मक जुड़ाव, अप्रैल मे परिवार संग भारत यात्रा का भी किया जिक्र।

**वॉशिंगटन डीसी,अंतरराष्ट्रीय डेस्क**: **अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेसं की पत्नी उषा वेसं** ने **भारत-अमेरिका** संबंधों को लेकर भावनात्मक टिप्पणी करते हुए कहा कि ये रिश्ते उनके लिए **बहुत व्यक्तिगत और आत्मीय** हैं। उन्होंने कहा कि यह समय दोनों देशों के लिए बड़े अवसरों से भरा हुआ है।

उषा वेंस **अमेरिका-भारत रणनीतिक भागीदारी मंच (USISPF)** के नेतृत्व **शिखर सम्मेलन 2025** के आठवें संस्करण में बोल रही थीं, जहां उन्होंने अपने अनुभव, पारिवारिक संबंध और **भारत-अमेरिका** के भविष्य को लेकर गहरा विश्वास जताया।

**'भारत मे मेरा परिवार, अमेरिका मे भी रिश्ते — यह रिश्ता व्यक्तिगत है'**

"मेरे परिवार के सदस्य भारत और अमेरिका दोनों में रहते हैं। मैं बचपन से भारत आती-जाती रही हूं। इसलिए भारत-अमेरिका संबंध मेरे लिए सिर्फ राजनयिक नहीं, बल्कि व्यक्तिगत भी हैं।"

कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत रिश्ते ही दोनों देशों को जोड़ते हैं, और इन्हीं से आर्थिक, सामरिक और सांस्कृतिक संबंध मजबूत होते हैं।

**'वर्तमान समय अवसरों से भरा है' — उषा वेसं**

"अगर मेरे पति (जेडी वेंस) यहां होते, तो वे भी यही कहते कि यह समय भारत-अमेरिका संबंधों के लिए सबसे अच्छे अवसरों में से

एक है।”

उन्होंने कहा कि भविष्य के चार वर्षों में इन द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाया जा सकता है। उन्होंने **भारतीय-अमेरिकी** समुदाय की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया।

**अप्रैल की भारत यात्रा से जुड़ीं यादे**
“जब मैं अपने पति और तीन बच्चों के साथ अप्रैल में भारत यात्रा पर गई थी, तब कई लोगों ने मुझसे कहा कि उन्हें अमेरिका कितना पसंद है।”

उन्होंने यह भी बताया कि भारतीय लोग न केवल अपने रिश्तेदारों से मिलने बल्कि मौज-मस्ती और कारोबारी सहयोग के लिए भी अमेरिका जाते हैं, जिससे भविष्य में रिश्ते और प्रगाढ़ होंगे।

**सम्मेलन मे वैश्विक नेतृत्व पुरस्कार भी वितरित**
सम्मेलन में **IBM के अध्यक्ष अरविंद कृष्णा, आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला,** और **हिताची के कार्यकारी अध्यक्ष तोशियाकी हिगाशिहारा को भारत-अमेरिका-जापान** साझेदारी में योगदान के लिए **वैश्विक नेतृत्व पुरस्कार 2025** प्रदान किया गया।

इस वर्ष पहली **बार क्वाड (QUAD)** समूह के प्रमुख व्यापारिक प्रतिनिधियों को **USISPF** द्वारा सम्मानित किया गया।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.